गजेन्द्र सिंह शेखावत
Gajendra Singh Shekhawat

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

जल शक्ति मंत्री
भारत सरकार
Minister for Jal Shakti
Government of India

12 SEP 2023

संदेश

प्रिय साथियों,

'हिन्दी दिवस' के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

भारत एक विलक्षण सांस्कृतिक चेतना का देश है। भाषा के मामले में हमारा देश अत्यन्त समृद्ध है। देश में सांस्कृतिक समन्वय के प्रयासों में हिन्दी भाषा का विशेष योगदान है। विशाल शब्द भण्डार वाली हिन्दी भाषा एक सरल, व्यावहारिक और जीवंत भाषा है। हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में देश के महान विचारकों एवं दार्शनिकों ने काफी चिंतन और मनन के बाद स्वीकार किया था। अतः राजभाषा नीति का कार्यान्वयन हमारा संवैधानिक दायित्व है। इसकी सार्थकता हमारी निष्ठा पर निर्भर करती है। जनता का काम जनता की भाषा में हो यह बहुत जरूरी है। हम सब सरल एवं सुबोध हिन्दी का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग कर भारत की राजभाषा को जन-गण-मन की स्वाभाविक भाषा बना सकते हैं।

आज जल संचयन और जल का उचित प्रयोग जैसे विषय अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग से जुड़े क्रियाकलापों से संबंधित जानकारी आज आम जनता को सरल-सुबोध भाषा में प्रदान की जा रही है।

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग में उत्साह के साथ 'हिन्दी पखवाड़ा समारोह' आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि हम अपने कामकाज में राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग करके संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का परिचय देंगे।

हार्दिक शुभकामनाएं!

(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

जल शक्ति अभियान
संचय जल, बेहतर कल

Office : 210, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110 001
Tel: No. (011) 23711780, 23714663, 23714200, Fax : (011) 23710804
E-mail : minister-jalshakti@gov.in

राजीव गौबा
Rajiv Gauba

मंत्रिमंडल सचिव
भारत सरकार
CABINET SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA

संदेश

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भाषा अभिव्यक्ति का सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम है। भाषा सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्वपूर्ण साधन है। विविध बोली-भाषाओं और संस्कृति वाले भारत जैसे विशाल देश में हिंदी एक समृद्ध भाषा के रूप में यह भूमिका स्पष्ट रूप से निभा रही है। पूरे देश में संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। तब से प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

आज भारत में नई-नई तकनीकों में भी हिंदी भाषा का उपयोग किया जा रहा है और इस प्रकार देश के आर्थिक विकास में भी हिंदी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, चाहे वह 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना हो या फिर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना। विगत वर्षों में सरकार का हिंदी के प्रचार-प्रसार पर अधिक बल दिए जाने से अब हिंदी में कार्य करना आसान हो गया है जो सरकारी कामकाज में बढ़ रहे हिंदी के प्रयोग में परिलक्षित होता है।

हिंदी दिवस के अवसर पर भारत सरकार के समस्त कार्यालयों में कार्यरत सभी वरिष्ठ अधिकारी और कार्मिक यह संकल्प लें कि हम अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करेंगे। इससे हिंदी का व्यापक स्तर पर संवर्धन होगा और हमारे राष्ट्र का गौरव बढ़ेगा।

आइए, हम राजभाषा हिंदी के प्रति अपने संवैधानिक दायित्व और शासकीय प्रतिबद्धता को दोहराएं और निश्चय करें कि हम अपना अधिक से अधिक कार्य सरल और सुबोध हिंदी में करेंगे।

जय हिंद।

(राजीव गौबा)

Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhavan, New Delhi-110004
Tel: 011-23016696, 23011241 Fax: 011-23018638 E-mail: cabinetsy@nic.in

G20
भारत 2023 INDIA
पंकज कुमार
PANKAJ KUMAR
सचिव
SECRETARY

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास
और गंगा संरक्षण विभाग
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF JAL SHAKTI
DEPARTMENT OF WATER RESOURCES,
RIVER DEVELOPMENT & GANGA REJUVENATION

अपील

किसी भी समाज, राष्ट्र और सभ्यता की पहचान उसकी भाषा से होती है। विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम भाषा ही होती है। राष्ट्रभाषा हिन्दी का प्रयोग बढ़ाना एक राष्ट्रीय दायित्व है।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हम विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के साथ 'हिन्दी पखवाड़ा' समारोह आयोजित कर रहे हैं। मुझे आशा है कि मंत्रालय के अधिकाधिक अधिकारी और कर्मचारी इसमें भाग लेंगे और यह समारोह हिन्दी में काम करने के लिए आप सभी को उत्साह और प्रेरणा प्रदान करेगा। मेरा आपसे निवदेन रहा है कि हिन्दी में काम करने की भावना केवल हिन्दी पखवाड़े तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि पूरे वर्ष सरकारी कामकाज हिन्दी में किया जाना चाहिए ताकि हम अपने संवैधानिक दायित्वों को निभा सकें।

इस अवसर पर, मैं आप सभी को बधाई देता हूँ और **'हिन्दी पखवाड़े'** के सफल आयोजन की कामना करता हूँ।

पंकज कुमार

(पंकज कुमार)

श्रम शक्ति भवन,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001 / Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110 001
Tel. : 23710305, 23715919, Fax : 23731553, E-mail : secy-mowr@nic.in, Website : http://www.mowr.gov.in